अ०शा० डीजी परिपत्र संख्याः 15 /2012

ए०सी० शर्मा,
आई०पी०एस०

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश
1-तिलक मार्ग,

दिनांकःलखनऊः मार्च 22, 2012

प्रिय महोदय,

आप अवगत है कि अपराध नियन्त्रण के लिए पेशेवर अपराधियों का सही चिन्हांकन, सत्यापन एव उनकी सक्रियता के आधार पर विधिक कार्यवाही अत्यन्त आवश्यक है।

2 आप निम्नलिखित अपराधों से सम्बन्धित अपराधियों की सूचना उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा विकसित साफ्टवेयर सीआर-4 में प्रविष्टि के पश्चात इस मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित करें:-

- डकैती
- लूट
- उद्दापन (धमकी देकर पैसे की वसूली करना)
- फिरौती हेतु अपहरण
- हत्या के ऐसे मामले जिसमें पेशेवर हत्यारे प्रकाश में आये हो
- ऐसे अपराध जिसमें अर्द्धस्वचालित/स्वचालित हथियारों का प्रयोग हुआ हो
- ऐसे अपराध जिसमें वाहन चोरों के गिरोह प्रकाश में आए हो
- चेन स्नैचिंग

ये प्रविष्टियाँ वर्ष 2004 से फरवरी 2012 तक के अपराधों में प्रकाश में आये अपराधियों के सम्बन्ध में की जायें। उपरोक्त कार्यवाही दिनांक 07.04.2012 तक पूर्ण कर ली जायें।

3 साफ्टवेयर में की गयी प्रविष्टियों का सत्यापन रैन्डम सैम्पलिंग के आधार पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा किया जायेगा एवं जिस प्रविष्टि का सत्यापन उनके द्वारा किया गया हो उसका स्पष्ट उल्लेख अलग से किया जाय।

4 सी0आर0-4 साफ्टवेयर में विवरण की प्रविष्टि के उपरान्त उक्त डाटा Export करके प्राप्त फाइल एव C:\Program Files\Criminal\Criminal.mdb को सीडी में अथवा e-mail के द्वारा पुलिस महानिरीक्षक, (अपराध), मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे डाटा मय फोटो के प्राप्त हो सके।

5 उपरोक्त कार्यवाई के साथ-साथ साफ्टवेयर में की गयी प्रविष्टियाँ एवं सत्यापन की कार्यवाई का विवरण सी0डी0 सहित जनपद पुलिस प्रभारी पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनांक 07.04.2012 तक अपने परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक को भी प्रेषित करें जिनके द्वारा जनपद द्वारा की गयी कार्यवाई के सम्बन्ध में समीक्षात्मक टिप्पणी सहित आख्या एव सी0डी0 पुलिस महानिरीक्षक, (अपराध), मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को दिनांक 09.04.2012 तक उपलब्ध करायी जाए।

भवदीय

(ए.सी.शर्मा)


पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/
पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद, उ0प्र0।

प्रतिलिपिः समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0 को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ प्रेषित।


टिप्पणीः डाटा इण्ट्री के लिए की जाने वाली कार्यवाइयों का विस्तृत विवरण संलग्न है।


## Operating Process

Start→Programs→ CR4 system → CR4 से चलाने पर निम्न स्क्रीन आयेगी-






स्क्रीन पर क्लिक करते ही लागिन स्क्रीन पर दिया गया यूजर नेम एवं पासवर्ड लिखने के उपरान्त, इण्टर-की/ ओके बटन पर क्लिक करें।







यदि यूजर नेम तथा पासवर्ड ठीक दिये गये है तो District स्क्रीन प्रदर्शित होगी जिससे अपने जनपद का नाम जैसे VARANASI सलैक्ट करके OK बटन पर क्लिक करने पर मुख्य स्क्रीन पर कार्य सूची प्रदर्शित होगी।



सारे कार्य मुख्य स्क्रीन से संपादित होंगे। सुविधा के लिये इसे निम्न भागों में बांटा गया है -

1- File
2- Report
3- File Management
4- Security
5- Help
6- Exit



## File

इस मैनू पर क्लिक करने पर निम्न उप मैनू प्रदर्शित होंगे -

1- New 2- Open 3- Export Data
4- Close 5- Log Off 6- Exit

### New (For Data Entry)


इस मैनू पर क्लिक करने पर निम्न स्क्रीन प्रदर्शित हो जायेगी यह स्क्रीन तीन टैब में विभाजित है।

1. Crime Criminal Details
2. Associates
3. Assets

## Crime Criminal Details




इस समय स्क्रीन पर निम्न बटन प्रदर्शित होंगे जिसका विवरण कार्य सहित नीचे दर्शाया गया है




| | |
|---|---|
| **Add Crime** | नया क्राइम रिकार्ड भरने के लिये |
| **Edit Crime** | पुराने रिकार्ड को संशोधित करने के लिये |
| **Save** | रिकार्ड को संचित करने के लिये |
| **Cancel** | रिकार्ड को निरस्त करने के लिये |
| **View All Crime** | सभी क्राइम देखने के लिये |
| **View All Criminal** | सलैक्टेड क्राइम के सभी क्रिमिनल देखने के लिये |

सर्वप्रथम नया क्राइम रिकार्ड भरने के लिये Add Crime बटन पर क्लिक करें Login के समय जो District सलैक्ट किया होगा उसी District के रिकार्ड भरने की Permission होगी। District एवं PS सलैक्ट करें Case Crime No(जैसे 1/09 जिसमे 1 क्राइम नम्बर तथा 09 वर्ष है ) लिखकर Tab या Enter Key का प्रयोग करें प्रदर्शित हुये Crime Frame में क्राइम सम्बन्धित सूचनायें भरकर Save बटन पर क्लिक करने पर सभी सूचनायें संचित हो जायेगी तथा Criminal सम्बन्धित फार्म प्रदर्शित हो जायेगा एवं उपर बने फेम में CCN, PS एवं District की सूचनायें नीले रंग से प्रदर्शित होती रहेगी।


**Add Criminal** बटन पर क्लिक करें Criminal सम्बन्धित सभी सूचनायें भरें साथ ही Criminal की Photo लगाने हेतु Add Photo बटन पर क्लिक करके सम्बन्धित क्रिमिनल की Scan photo(jpg format) को सलैक्ट कर open बटन पर क्लिक करने पर Photo Add हो जायेगी।



इसी प्रकार Criminal की Right Hand Thumb का प्रिन्ट लगाने हेतु Add Finger Print बटन पर क्लिक करके सम्बन्धित क्रिमिनल का Scan Finger Print(jpg format) को सलैक्ट कर open बटन पर क्लिक करने पर Finger Print Add हो जायेगा। अब Save बटन पर क्लिक करने पर सभी सूचनायें संचित हो जायेगी तथा भरा गया डाटा नीचे Grid में प्रदर्शित हो जायेगा।

नया क्रिमिनल भरने के लिये **Add Criminal** बटन तथा पूर्व में भरे गये डाटा में संशोधन करने हेतु **Edit Criminal** बटन का प्रयोग करें

Criminal की **Photo** एवं Finger Print हटाने हेतु क्रमशः Remove Photo, Remove Finger Print बटन का प्रयोग करें।




पुनः नया क्राइम रिकार्ड भरने के लिये View All Crime बटन पर क्लिक करने से नीचे Grid मे सभी क्राइम प्रदर्शित हो जायेगे साथ ही Add Crime तथा Edit Crime बटन प्रदर्शित हो जायेंगे। सलैक्टेड क्राइम के सभी क्रिमिनल देखने के लिये View All Criminal बटन पर क्लिक करें।

नोट

- Criminal फ्रेम पर Name वाले बाक्स में प्रत्येक अक्षर लिखने के पश्चात् उससे मिलते जुलते सभी क्रिमिनल (किसी भी क्राइम मे सम्मलित) का विवरण नीचे Grid में प्रदर्शित होने लगेगा यदि उक्त क्रिमिनल का विवरण नीचे Grid मे प्रदर्शित Criminal के विवरण से मैच हो रहा हो तो नीचे Grid से क्लिक करके उस Criminal (रिकार्ड) को सलैक्ट किया जा सकता है ध्यान रहे कि **Grid** से सलैक्ट किये गये डाटा का अपराधी का नाम, पिता का नाम, क्रिमिनल की, गृह जनपद एवं गृह थाना में संशोधन नहीं किया जा सकता है इसलिये Grid से सलैक्ट किया डाटा यदि नही भरना है तो Cancel बटन पर क्लिक करने के पश्चात् ही Criminal सम्बन्धित सभी सूचनायें भरी जा सकती है।
- Particular Crime सलैक्ट करने के लिये **View All Crime** बटन पर क्लिक करने से Grid मे प्रदर्शित रिजल्ट से Crime को सलैक्ट किया जा सकता है अथवा Crime फ्रेम में वांछित District, PS तथा case crime No लिखने के पश्चात् टैब या Enter Key प्रेस करने पर वांछित Crime का विवरण देखा जा सकता है।

## Associates

सलैक्ट किये Criminal के उस Crime मे सम्मलित Associates (सहभागी) जैसे वकील ,जमानतदार, रिश्तेदार, सहयोगी एवं अन्य आदि एन्ट्री करने के लिये Associates Tab पर क्लिक करने से सम्बन्धित फार्म प्रदर्शित हो जायेगा जिसमें निम्न बटन प्रदर्शित होगे




जिसका विवरण कार्य सहित निम्न है-


- Add New — नया रिकार्ड भरने के लिय
- Edit — पुराने रिकार्ड को संशोधित करने के लिये
- Save — रिकार्ड को संचित करने के लिये
- Cancel — रिकार्ड को निरस्त करने के लिये
- Add Photo — Associates की Photo जोडने के लिये
- Remove Photo — Associates की Photo हटाने के लिये



## Assets

सलैक्ट किये Criminal के Assets (धरोहर) जैसे सम्पति, बैंक एकाउन्ट ,मकान, असलहा, वाहन आदि एन्ट्री करने के लिये Assets Tab पर क्लिक करने से सम्बन्धित फार्म प्रदर्शित हो जायेगा।






Associates फार्म की तरह ही इसमें भी कार्य किया जायेगा।